# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN

## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION - 2024

## MASTER OF ARTS IN HINDI

## (FINAL YEAR)

## PAPER VI - PRACHIN EVAM MADHYAKALIN KAVAYA

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **3x8=24**

(i) रहा एक दिन अवधि कर अति आरत पुर लोग।
जहँ–तहँ सोचहि नारी नर, कृस तन राम वियोग।।
सगुन होहि सुंदर सकल मन प्रसन्न सब केर।
प्रभु आगमन जनाब जनु नगर रम्य चहुँ फेर।।
कौसल्यादि मातु सब मन अनंद अस होई।
आयऊ प्रभु श्री अनुज जुत कहन चहत अब कोई।।
भरत नयन भुज इच्छिन फरकत बारहि बार।
जानि सगुन मन हरष अति लागे करन विचार।।

(ii) राजीव लोचन स्रवृत जल तन ललित पुलकावलि बनी।
अति प्रेम ह्दय लगाई अनुजहि मिले प्रभु त्रिभुवन धनी।।
प्रभु मिलत अनुजहि सोहे मोपहि जाति नहीं उपमा कही।
जनु प्रेम अरु सिंगार तनु धरि मिले बर सुषमा लही।।

(iii) सासुन्ह सादर जान किही मज्जन तुरत कराई।
दिव्य बसन बर भूवन अँग–अँग सजे बनाई।।
राम बाम दिसी सोभित रमा रूप गुन खानि।

देखि मातु सब हरषी जन्म सुफल निज जानि।।
सुने खगेस तेहि अवसर ब्रहमा सिव मुनिबृंदा।
चढ़ि विमान आए सब सुर देखन सुखकंद।।

(iv) दैहिक दैविक भौतिक तापा। रामराज नहि काहुहि व्यापा।।
सब नर करहि परस्पर प्रीति। चहहि स्वधर्म रित श्रुति नीति।।
चारिउ चरन धर्म जगमाही। पूरि रहा सपनेहु अघ नाही।।
राम भगति रत नर अरु नारि। सकल परम गति के अधिकारी।।
अल्पमृत्यु नही कवनिऊ पीरा। सब सुंदर सब विरज सरीरा।।
नही दरिद्र कोऊ दुखी न दीना। नहि कोउ अबुध न लच्छन लीना।।
सब निदर्भ धर्मरत पुनी। नर अरु नारि चतुर सब गुनी।।
सब गुन्य पंडित सब ग्यानी। सब कृतग्य नहि कपट सयानी।।

प्र. 2.निम्नांकित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **2 x 10 = 20**

(i) पृथ्वीराज रासो सामन्त युग का प्रतिनिधि महाकाव्य है। इस कथन की विवेचना कीजिए।

(ii) भक्ति आन्दोलन के उदय के कारणों को विस्तार से समझाइये।

(iii) राम काव्य परम्परा में तुलसी का महत्त्व समझाइये।

प्र. 3.निम्नांकित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **4 x 4 = 16**

(i) रीति काल का संक्षेप में परिचय दीजिए।

(ii) भक्ति काल की राजनीतिक परिस्थिति का उल्लेख कीजिए।

(iii) कृष्ण भक्ति धारा में मीरा का महत्त्व बताइये।

(iv) कबीर की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए।



(v) पद्मावत की प्रेम–पद्धति का महत्त्व बताइये।

(vi) सूरदास का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

प्र. 4.निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में दीजिए– **10 x 1 = 10**

(i) सूरदास की प्रमुख रचना का नाम लिखिए।

(ii) 'उधौ पचीसी' किसकी रचना है?

(iii) 'भमरदूत' किसकी रचना है?

(iv) भक्तिकाल का सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य कौन–सा है?

(v) रामचरित मानस का प्रधान रस कौन–सा है?

(vi) रीतिकाल का सर्वोच्च कवि किसे माना जाता है?

(vii) बिहारी का जन्म स्थान कहाँ माना जाता है?

(viii) तुलसीदास की तीन प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।

(ix) अष्टछाप की स्थापना किसने की थी?

(x) 'पद्मावत' किसकी रचना है?

(xi) रीतिकाल नाम किसने दिया?

(xii) कविप्रिया किसकी रचना है?

(xiii) जायस ने पद्मावत में कौन–सी पद्धति अपनायी है?

(xiv) कबीर के समय की राजनीतिक परिस्थितियाँ कैसी थी?

(xv) कृष्ण भक्ति के मुस्लिम कवि का नाम लिखिए।

♦♦♦

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN

## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION - 2024
## MASTER OF ARTS IN HINDI
## (FINAL YEAR)
## PAPER VII- BHASHA VIGYAN EVAM HINDI BHASHA

**TIME : 3.00 HOURS ROLL NO. ...................... MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. भाषा की परिभाषा देते हुए भाषा का स्वरूप निर्धारित कीजिए। 10

**अथवा**

स्वन की परिभाषा देते हुए निर्धारण पद्धतियों का सोदाहरण परिचय दीजिए।

प्र. 2. वैदिक और लौकिक संस्कृत के अन्तर को समझाइए। 10

**अथवा**

स्वर वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए।

प्र. 3. वाक्य को परिभाषित करते हुए उसके आवश्यक तत्वों का विवेचन कीजिए।10

**अथवा**

आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं का परिचय दीजिए।

प्र. 4. साहित्य का स्वरूप निर्दिष्ट करते हुए सृजनात्मक भाषा का वैशिष्ट्य बताइये। 10

**अथवा**

देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालिए।

प्र. 5. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **5 x 4 = 20**

(i) मूक भाषा की विशेषताएँ लिखिए।

(ii) स्वनिम की परिभाषाओं को स्पष्ट कीजिए।

(iii) अभिहितान्वयवाद की व्याख्या कीजिए।

(iv) गहन संरचना पर प्रकाश डालिए।

(v) शब्द एवं अर्थ को स्पष्ट कीजिए।

(vi) केन्द्रीय संसाधन इकाई के मुख्य भागों का वर्णन कीजिए।

(vii) 'साहित्य की आत्मा भाव है तो शैली शरीर' कथन की समीक्षा कीजिए।

प्र. 6. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिये– **10 x 1 = 10**

(i) पाणिनी के ग्रन्थ का नाम लिखिए।

(ii) भाषिक भूगोल से क्या तात्पर्य है?

(iii) संरचनात्मक भाषा विज्ञान के जनक कौन हैं?

(iv) स्वन विज्ञान के लिए अंग्रेजी में कौनसा शब्द प्रचलित है?

(v) द्वयोष्टय और दंतोष्ट्य स्वनों के उदाहरण बताइये।

(vi) किसी भाषा के अधिकतम स्वनिम कितने होते हैं?

(vii) रूप में कौनसे दो तत्वों का योग होता है?

(viii) निपात का क्या अर्थ है?



(ix) रूपिम की कोई एक परिभाषा लिखिए।

(x) स्रोत के आधार पर शब्द के कौन से प्रकार हैं?

(xi) प्लेटो के मत से शैली का जन्म कब होता है?

(xii) शैली किस बात का संयोजन सेतु है?

(xiii) भारतीय भाषाओं का उद्‌गम कौन से दो परिवारों से माना गया है?

(xiv) लौकिक संस्कृत साहित्य का सबसे प्राचीन ग्रंथ कौनसा है, इसके रचियता कौन हैं?

(xv) गुजराती लिपि की कौनसी विशेषता है?

♦♦♦

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN

## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION - 2024
## MASTER OF ARTS IN HINDI
## (FINAL YEAR)
## PAPER VIII- LOK SAHITYA

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **3 x 10 = 30**

(i) लोक साहित्य के अन्य समाज विज्ञानों से सम्बन्ध की विवेचना कीजिये।

(ii) 'राजस्थानी लोकगीतों में संस्कृति का मनोहारी चित्रण है'। कथन की सारगर्भित व्याख्या कीजिये।

(iii) राजस्थान की लोक गाथाओं का परिचय देते हुए किसी एक लोक गाथा की विस्तृत व्याख्या कीजिये।

(iv) राजस्थान के प्रमुख लोकोत्सवों का परिचयात्मक विवरण दीजिये।

(v) राजस्थानी लोक संस्कृति के भौतिक तथा आभ्यन्तर सौन्दर्य की विवेचना कीजिये।

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **5 x 4 = 20**

(i) लोक साहित्य के संकलन में आने वाली बाधाओं को स्पष्ट कीजिए।

(ii) लोकवार्ता एवं फोकलोर की तुलनात्मक विवेचना कीजिये।

(iii) लोकवार्ता एवं लोक साहित्य के सम्बन्धों पर प्रकाश डालिये।

(iv) लोक देवी–देवताओं से क्या तात्पर्य है? राजस्थान की प्रमुख लोक देवियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(v) लोक संस्कृति एवं अभिजात्य संस्कृति में अन्तर स्पष्ट कीजिये।

(vi) राजस्थान के प्रमुख लोकनृत्यों का संक्षिप्त परिचय दीजिये।

(vii) राजस्थानी लोक कथाओं का वर्गीकरण कीजिये।

प्र. 3.निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर 20–30 शब्दों में लिखिये–

**10 x 2 = 20**

(i) सीताबाड़ी का मेला कब तथा कहाँ आयोजित होता है?

(ii) देवोत्थान एकादशी कब तथा क्यों मनाई जाती है?

(iii) लोकनाट्य किसे कहते हैं?

(iv) 'कथानक–अभिप्राय' से क्या आशय है?

(v) लोक कथा व लोक गाथा में क्या अन्तर है?

(vi) तुर्राकिलंगी ख्यालों में किन वाद्य यन्त्रों का प्रयोग किया जाता है?

(vii) विश्नोई सम्प्रदाय के लोक देवता कौनसे हैं? इनका जन्म कब तथा कहाँ हुआ?



(viii) लोक कला से क्या अभिप्राय है?

(ix) वाद्ययंत्र 'रावण हत्था' किससे बनाया जाता है?

(x) भवाई नृत्य की क्या विशेषता है?

(xi) लोक संस्कृति से क्या आशय है?

(xii) आई–माता का मंदिर कहाँ है? इसकी क्या विशेषता है?

(xiii) सर्पों का देवता किसे कहा जाता है? इनका मेला कब तथा कहाँ भरता है?

(xiv) रम्मत किसे कहते हैं? इनका मंचन कैसे होता है?

(xv) लोक साहित्य में 'लोक' की अभिव्यक्ति के स्तर कौनसे हैं?

♦♦♦

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN

## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION - 2024

## MASTER OF ARTS IN HINDI

## (FINAL YEAR)

## PAPER IX- ANUVAD VIGYAN

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दीजिए। **3 x 10= 30**

(i) निम्न में अंतर स्पष्ट कीजिए–

(क) पाठ अनुवाद तथा आशु अनुवाद

(ख) भाव अनुवाद एवं छाया अनुवाद

(ii) विविधता में एकता की स्थापना में अनुवाद के प्रयास का भारतीय संदर्भ में मूल्यांकन कीजिए।

(iii) अनुवाद की प्रक्रिया में कम्प्यूटर आधारित शब्दकोश का महत्त्व बताइए।

(iv) अनुवाद की विभिन्न परिभाषाओं के आधार पर अनुवाद की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(v) विविध विषय क्षेत्र में मशीनी अनुवाद की क्षमताओं पर प्रकाश डालिए।

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5 x 4= 20**

(i) अनुवाद को किस अर्थ में विज्ञान कहा जा सकता है?

(ii) वाक्य में पदक्रम का महत्त्व बताते हुए बताइए कि पदक्रम कितने प्रकार के होते हैं?

(iii) न्यूमार्क द्वारा प्रस्तावित प्रारूप में अनुवाद प्रक्रिया की दो दिशाएं किस प्रकार बताई गई हैं?

(iv) अनुवाद में भाषा प्रयुक्ति का महत्त्व समझाइए।

(v) विधि विषयक अनुवाद की विशेषताएँ बताइए।

(vi) पुनरीक्षण करने वाला क्या कहलाता है? अनुवादक से वह किस प्रकार भिन्न होता है?

(vii) एक सफल अनुवादक की विशेषताएँ बताइये।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए। **10 x 1= 10**

(i) अनुवाद से आप क्या समझते हैं?

(ii) अंतरभाषिक अनुवाद से आप क्या समझते हैं?

(iii) अनुवाद में समतुल्यता के सिद्धान्त का क्या अर्थ होता है?

(iv) अच्छे शब्दकोश में शब्द के अर्थ के अतिरिक्त किस प्रकार की जानकारी दी जाती है?

(v) मशीनी अनुवाद से किन लोगों की जिज्ञासा व सक्रियता में वृद्धि हुई है?

(vi) अनुवाद सहायिका से आप क्या समझते हैं?

(vii) अनुवाद कार्य की प्रमुख समस्याएं क्या हैं?



(viii) अंग्रेजी हिन्दी अनुवाद के साधन उपकरण बताइये।

(ix) अनुवाद की आवश्यकता क्यों पड़ती है?

(x) समग्र अनुवाद किसे कहते हैं?

(xi) कम्प्यूटर आधारित शब्दकोष क्या होता है?

(xii) जिस भाषा में अनुवाद किया जाता है उसे क्या कहते हैं?

(xiii) वाक्य रचना में समिपि घटक अनुवाद में किस तरह महत्त्वपूर्ण होते हैं?

(xiv) अनुवाद में उच्चारण कोष की आवश्यकता किन प्रसंगों में पड़ती है?

(xv) 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' किसकी रचना है?

प्र. 4. निम्नलिखित अंग्रेजी अवतरण का हिन्दी भाषा में अनुवाद कीजिए। **10 x 1= 10**

Cultural anthropology, on the other hand, has a far wider breadth of interest than related fields in the social sciences and humanities, each of which takes up some one segment of human activity. The cultural anthropologist generally studies peoples who are outside the stream of European cultural history and attempts, as far as he can, to investigate a given body of custom as a whole, or, if he concentrates on any one aspect of a culture, he takes a primary objective, the analysis of the interrelation of that aspect with other phases of the life of the people. He analyses these aspects not only as to which is to be distinguished from the others, but as all a functioning system that adapts the peolple to setting. In this, the anthropologist differs from the economist, the political scientist, the sociologist, the student of comparative religions or of art or literature.

♦♦♦

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN

## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION - 2024
## MASTER OF ARTS IN HINDI
## (FINAL YEAR)
## PAPER X - PRAYOJANMULAK HINDI

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। उनके अंक प्रश्नों के सम्मुख अंकित हैं।**

**आलोचनात्मक प्रश्न** **4 x 10 = 40**

प्र. 1. हिन्दी के विभिन्न रूपों की चर्चा करते हुए प्रयोजनमूलक हिन्दी के स्वरूप और उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

कार्यालयी हिन्दी के प्रमुख प्रकार्यों का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए।

प्र. 2. फीचर और रिपोर्ताज की विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

पटकथा लेखन की क्या विशेषताएँ हैं? विस्तार से लिखिए।

प्र. 3. कार्यालयी अनुवाद से आप क्या समझते हैं? कार्यालयी अनुवाद की समस्याएँ और समाधान उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

सृजनात्मक साहित्य के अनुवाद से आप क्या समझते हैं? सृजनात्मक साहित्य के दौरान अनुवादक की आंतरिक समस्याएँ उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

प्र. 4. हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास का वर्णन करते हुए, भारतीय समाज पर पत्रकारिता द्वारा पड़ने वाले प्रभावों का मूल्यांकन कीजिए।

**अथवा**

समाचार लेखन की प्रमुख विशेषताओं का उद्घाटन करते हुए बताइए कि कैसे कोई समाचार पाठकों की आत्मीयता अर्जित करता है?

**लघूत्तरात्मक प्रश्न**

प्र. 5. किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5 x 4 = 20**

(i) हिन्दी की प्रयोजनीयता में अनुवाद की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ii) विज्ञापन के संदर्भ में विभिन्न विद्वानों के विचार स्पष्ट कीजिए।

(iii) सिनेमा जनसंचार का सबसे लोकप्रिय और प्रभावशाली माध्यम है, उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(iv) रेडियो समाचार की संरचना स्पष्ट कीजिए।

(v) अनुस्मारक क्या है, इसकी विशेषताएँ लिखिए।

(vi) पारिभाषिक शब्दावली निर्माण के सिद्धान्त स्पष्ट कीजिए।

(vii) रेडियो नाटक पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**अति लघूत्तरात्मक प्रश्न**

प्र. 6. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **10 x 1 = 10**

(i) 'समाचार' शब्द को परिभाषित कीजिए।

(ii) अर्द्ध–सरकारी पत्र में सम्बोधन से पहले क्या लिखा जाता है?



(iii) विज्ञापन का मुख्य उद्देश्य क्या है? स्पष्ट कीजिए।

(iv) इंटरनेट ब्राउजर से आप क्या समझते हैं?

(v) वॉचडॉग पत्रकारिता से क्या तात्पर्य है?

(vi) भारतीय तार अधिनियम, 1885 को स्पष्ट कीजिए।

(vii) विज्ञापन लेखन में स्लोगन का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

(viii) दो प्रसिद्ध कहानियों के नाम लिखिए, जिनका सफल नाट्य रूपांतरण हुआ है।

(ix) भावानुवाद से क्या आशय है?

(x) रूपान्तरण से क्या आशय है?

(xi) सृजनात्मक साहित्य के अनुवाद का आधार स्पष्ट कीजिए।

(xii) जिस भाषा में अनुवाद किया जाता है, उसे क्या कहते हैं?

(xiii) खोज पत्रकारिता का आशय स्पष्ट कीजिए।

(xiv) Women and Child Development Department का हिन्दी अनुवाद बतलाइये।

(xv) पर्यावरण विभाग का अंग्रेजी अनुवाद बताइये।

♦♦♦